दिनांक 27 नवंबर 2020

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

स्वास्थ्य शिविर में लाइन लगाने की जरूरत नहीं भिलाई निगम में टोकन सिस्टम से हो रहा है इलाज , मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से लग रहे स्वास्थ्य शिविर में 2886 लोगों ने कराया अपना स्वास्थ्य परीक्षण, निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने शिविर स्थल पहुंचकर लिया जायजा

भिलाई नगर/ मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत दो मोबाइल मेडिकल यूनिट और एक दाई दीदी क्लीनिक के द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों को स्वास्थ्य लाभ दिया जा रहा है! महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव तथा निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी शिविरों का लगातार निरीक्षण कर रहे हैं! आयुक्त श्री रघुवंशी शिविर स्थलों में बेहतर व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को निर्देशित भी कर रहे हैं! निरीक्षण के दौरान आयुक्त महोदय चिकित्सक की टीम और मरीजों दोनों से ही शिविर में किसी प्रकार की अन्य कमियों को लेकर संवाद स्थापित कर रहे हैं! निर्धारित समय पर शिविर लग रहा है या नहीं इसकी भी जानकारी ली जा रही है! मोबाइल मेडिकल यूनिट में दवाइयों की उपलब्धता एवं लैब के इक्विपमेंट्स सहित तमाम व्यवस्थाओं का जायजा निगमायुक्त स्वयं ले रहे हैं! आयुक्त श्री रघुवंशी ने आज जोन क्रमांक एक कोसानाला राधा कृष्ण मंदिर एवं शिवाजी नगर छावनी के मंगल बाजार के स्वास्थ्य शिविर स्थल पर पहुंचे! वहां उन्होंने चिकित्सकों और आने वाले मरीजों से चर्चा की! शिविर स्थल में आने वाले लोगो की पंजी का अवलोकन किया और व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए! आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों को दिलाने अपंजीकृत संगठित, असंगठित, भवन व अन्य संनिर्माण कर्मकारो का शतप्रतिशत पंजीयन कराने के निर्देश दिए हैं! शिविर स्थल में कर्मकारो/ मजदूरों का पंजीयन कराने के लिए फार्म का वितरण किया जा रहा है ताकि इनका पंजीयन हो सके! पंजीयन संबंधित श्रम विभाग से इस कार्य हेतु समन्वय , मानिटरिंग आदि का कार्य अजय शुक्ला को दिया गया है!

जनसंपर्क अधिकारी